| | |
|---|---|
| Tripura . . . . . | No industry paying piece rates except bidi—there also the employment is too less. |
| Uttar Pradesh . . . | Fall-back wages can be fixed for piece rated workers in organised industries only. The question of fixation of fall-back wages for piece rate workers in Tea Plantation, is under consideration. |
| West Bengal . . . . . | Not considered desirable in view of the injunction of the Calcutta High Court. |
| Andaman and Nicobar . . . | No piece-rated employment covered by Minimum Wage Act. |
| Arunachal Pradesh . . . | Comment not yet received. |
| Chandigarh . . . . . | Fall-back wages will be fixed while revising piece-rat ed wages. |
| Dadra and Naga Haveli . . | Not found necessasy. |
| Delhi Administration . . . | The question will be taken up while the matte· rega·d ing revision of minimum wages is taken up. |
| Goa, Daman and Diu . . . | Fall-back wage will be fixed while fixing piece rates. |
| Lakshadweep . . . . . | No comments to offer. |
| Mizoram . . . . . . | No piece rated workers. |
| Pondicherry . . . . . | Will be considered while fixing piece- ates. |

### Persons Provided Employment during 1977

484. SHRI K. MAYATHEVAR: Will the Minister of PARLIAMENTARY AFFAIRS AND LABOUR be pleased to state:

(a) the number of registered persons who secured employment during 1977; and

(b) whether Government contemplate steps to ensure that all unemployed persons are suitably registered at various Exchanges?

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFAIRS AND LABOUR (SHRI RAVINDRA VARMA): (a) The total number of job-seekers placed in employment through Employent Exchanges during the year 1977 was of .he order of 46.16 lakhs.

(b) Compulsory registration of all unemployed persons with the Employent Exchanges may not be feasible in the present state of the economy.

### ग्रामीण क्षेत्रों में डाक्टर

485. श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश के ग्रामीण क्षेत्रों में इस समय तैनात डाक्टरों की संख्या कितनी है और उन पर कुल कितना वार्षिक व्यय होता है;

(ख) क्या सच है कि 80 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में 20 प्रतिशत डाक्टर तैनात किये गये हैं और 20 प्रतिशत शहरी क्षेत्रों में 80 प्रतिशत डाक्टर नियुक्त किये गये हैं;

(ग) क्या यह भी सच है कि 20 प्रतिशत धनराशि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए नियत की जाती है और 80 प्रतिशत धनराशि शहरी क्षेत्रों के लिए नियत की जाती है; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए इस असंगति को दूर करने हेतु नीति निर्धारित करेगी ?

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जगदम्बी प्रसाद यादव) :** (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और यथा समय सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

**जिला रामपुर (उत्तर प्रदेश) में टेलीफोन और डाक तथा तार सेवा के विस्तार पर व्यय**

486. **श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में मार्च 1975 से जनवरी, 1978 तक टेलीफोन और डाक तथा तार सेवाओं के विस्तार पर कुल कितनी धनराशि व्यय हुई; और

(ख) विभागीय भवन बनाने पर प्रत्येक वष कुल कितनी धनराशि खर्च की गई ?

**संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव साय ) :** (क) रामपुर जिले में मार्च 1975 से जनवरी, 1978 तक टेलीफोन, डाक और तार सेवाओं के विस्तार पर कुल 2,89,777 रुपये की धन राशि व्यय हुई है ।

(ख) रामपुर जिले में मार्च 75 से जनवरी, 78 तक विभागीय इमारतों के निर्माण पर कोई धनराशि खर्च नहीं की गई है ?

**सावित्री बाई फुले की स्मृति में डाक टिकट जारी किया जाना**

487. **श्री दयाराम शाक्य :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार महाराष्ट्र की प्रथम महिला समाज-सुधारक, पुणे की सावित्री बाई फुले की स्मृति में एक डाक टिकट जारी करने का है; और

(ख) क्या यह सच है कि यह महिला महाराष्ट्र की प्रथम महिला अध्यापक भी थी ?

**संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव साय) :** (क) और (ख) यह प्रस्ताव फिलैटली सलाहकार समिति की अगली बैठक में विचारार्थ रख दिया जाएगा ।

**भारतीय अस्पतालों में 'क्लोरमकेनीकोल' का प्रयोग**

488. **श्री दयाराम शाक्य :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय अस्पतालों में कुछ औषधियों के प्रयोग पर रोक के बारे में कोई व्यवस्था नहीं है तथा क्या 'क्लोरमकेनीकोल' औषधि, जिसका प्रयोग विदेशों में कुछ खास रोगों में ही होता है, भारत में बिना किसी रोकटोक के दी जाती है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इस संबंध में क्या कार्यवाही कर रही है ?